भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 132

उत्तर देने की तारीख: 18.11.2019

मॉडल डिग्री कॉलेज

132. कुंवर दानिश अलीः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केंद्र सरकार का देश के प्रत्येक जिले में मॉडल डिग्री कॉलेज खोलने का विचार है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में कुल कितने जिलों को चिह्नित किया गया है; और

(ग) इस संबंध में राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (ग): शिक्षा समवर्ती सूची में होने के नाते, नए संस्थानों की स्थापना करना केंद्र और राज्य दोनों सरकार का उत्तरदायित्व है। तथापि, केंद्रीय सहायता की आवश्यकता को समझते हुए, केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को सहायता प्रदान करने हेतु विभिन्न योजनाओं को लागू किया है।

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) की केंद्र प्रायोजित योजना के तहत पहले चरण अर्थात रूसा 1.0 में, 60 मॉडल डिग्री कॉलेज (एमडीसी) के लिए केंद्रीय सहायता अनुमोदित की गई थी। रूसा के जारी दूसरे चरण में, नीति आयोग द्वारा चिह्नित आकांक्षी जिलों, पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों के असेवित और अल्पसेवित क्षेत्रों में 70 एमडीसी के लिए केंद्रीय सहायता अनुमोदित की गई है।

उत्तर प्रदेश सहित राज्यों के लिए स्वीकृत एमडीसी की राज्यवार संख्या संलग्न है।

*****

संलग्नक

"मॉडल डिग्री कॉलेज" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री कुंवर दानिश अली द्वारा दिनांक 18.11.2019 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 132 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित संलग्नक।

रूसा के अंतर्गत अनुमोदित मॉडल डिग्री कालेजों की राज्यवार संख्या

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	रूसा 1.0 में अनुमोदित एमडीसी	रूसा के जारी दूसरे चरण में अनुमोदित एमडीसी	कुल अनुमोदित एमडीसी
आंध्र प्रदेश	6	2	8
अरुणाचल प्रदेश	0	2	2
असम	0	5	5
बिहार	0	4	4
छत्तीसगढ़	4	7	11
गोवा	0	0	0
गुजरात	0	0	0
हरियाणा	0	1	1
हिमाचल प्रदेश	1	1	2
जम्मू और कश्मीर	0	3	3
झारखंड	0	10	10
कर्नाटक	0	2	2
केरल	0	1	1
मध्य प्रदेश	2	8	10
महाराष्ट्र	0	2	2
मणिपुर	0	0	0
मेघालय	0	2	2
मिजोरम	0	0	0
नगालैंड	1	1	2
ओडिशा	8	6	14
पंजाब	2	1	3
राजस्थान	0	5	5
सिक्किम	0	2	2
तमिलनाडु	0	0	0
तेलंगाना	4	3	7
त्रिपुरा	4	0	4
उत्तर प्रदेश	26	0	26
उत्तराखंड	1	2	3
पश्चिम बंगाल	0	0	0
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	1	0	1
चंडीगढ़	0	0	0
दिल्ली	0	0	0
दादर और नगर हवेली	0	0	0
दमन और दीव	0	0	0
पुडुचेरी	0	0	0
कुल	**60**	**70**	**130**

*****